**Expert Lecture** on the topic **"Heavy Metals Pollution in Dust" Organized by Chemistry Club – Lavoisier on dated November 29, 2025**

The Chemistry Club – Lavoisier of Government College, Solan, organized an expert and interactive lecture on the topic **"Heavy Metals Pollution in Dust"** on November 29, 2025. The session was conducted as part of the club's academic enrichment initiatives aimed at enhancing students' scientific knowledge and environmental awareness. Approximately **45 students** from various science streams actively participated in the programme.

The resource person for the lecture was **Dr. Vikas Bhardwaj, Director (Chemistry), Geological Survey of India, Chandigarh**. Dr. Bhardwaj delivered an insightful presentation covering key aspects such as sources of heavy metals in dust, particulate matter, vehicular emissions, solution preparation, analytical techniques used for detection, associated health hazards, and environmental risks. He explained complex scientific concepts through simple, relatable examples, making the session highly engaging and informative for the students.

The programme was **presided over by the College Principal, Dr. Manisha Kohli**, who formally welcomed the resource person. In her address, she encouraged students to cultivate a scientific temperament, foster innovation, and contribute meaningfully towards environmental protection and pollution control measures.

The event was attended by **Dr. Yogesh Kumar (Head, Department of Chemistry)** and **Dr. Anil Thakur (Head, Department of Physics)**, who appreciated the initiative of the Chemistry Club in organizing academically relevant activities for students.

The session concluded with a formal **Vote of Thanks** proposed by **Dr. Ramesh Kumar**, who expressed gratitude to the resource person for his valuable insights, to the Principal for her constant support, and to the students for their enthusiastic participation. He also acknowledged the sincere efforts of the members of **Chemistry Club – Lavoisier**, whose dedication ensured the successful organization of the event.






# सोलन कॉलेज में धूल में भारी धातुओं के प्रदूषण के दुष्प्रभाव बताए

सोलन। राजकीय महाविद्यालय सोलन के कैमिस्ट्री क्लब-लावोजियर ने पर्यावरण और रसायन विज्ञान के एक महत्वपूर्ण विषय पर हैवी मेटल्स पॉल्यूशन इन डस्ट (धूल में भारी धातुओं का प्रदूषण) विषय पर एक इंटरैक्टिव लेक्चर का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

इस सत्र में लगभग 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ के निदेशक डॉ. विकास भारद्वाज ने सरल और रोचक उदाहरणों का उपयोग करते हुए धूल में मौजूद भारी धातुओं के स्रोत, उनके प्रभाव और उनसे उत्पन्न होने वाले पर्यावरणीय जोखिमों को विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने डॉ. विकास भारद्वाज का स्वागत किया। संवाद

लने के बावजूद दीवार तोड़ने की

# सोलन कॉलेज में 'हैवी मेटल्स पॉल्यूशन इन डस्ट' विषय पर हुई कार्यशाला

अनंत ज्ञान, सोलन



सोलन कॉलेज में कार्यशाला के दौरान उपस्थित स्टूडेंट्स व शिक्षक।

राजकीय महाविद्यालय सोलन के केमिस्ट्री क्लब लावोईसीएर ने 'हैवी मेटल्स पोल्लुशन इन डस्ट' विषय पर एक इंटरेक्टिव लेक्चर का आयोजन किया, जिसमें लगभग 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस सत्र के संसाधन व्यक्ति डॉ. विकास भारद्वाज, निदेशक (रसायन), जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ रहे।

उन्होंने धूल में भारी धातुओं के स्रोत, प्रभाव और पर्यावरणीय जोखिमों को सरल एवं रोचक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने संसाधन व्यक्ति का स्वागत किया और छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने तथा प्रदूषण नियंत्रण के समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। सत्र में विभागाध्यक्ष डॉ. योगेश कुमार और डॉ. अनिल ठाकुर भी उपस्थित रहे। अंत में डॉ. रमेश कुमार ने संसाधन व्यक्ति, प्राचार्या तथा विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने केमिस्ट्री क्लब-लैवॉजियर के सदस्यों के समर्पित प्रयासों की भी सराहना की, जिनकी बदौलत कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सोलन, हिमाचल

# GSI निदेशक ने सोलन कॉलेज के छात्रों को भारी धातुओं के खतरों से कराया रूबरू

By Hills Post November 29, 2025

सोलन: राजकीय महाविद्यालय सोलन के केमिस्ट्री क्लब लैवॉज़ियर ने आज धूल में भारी धातुओं का प्रदूषण विषय पर एक महत्वपूर्ण इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI) चंडीगढ़ के निदेशक (रसायन) डॉ. विकास भारद्वाज ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे हमारे आसपास की धूल में भारी धातुएं (Heavy Metals) मिल रही हैं और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं।





डॉ. भारद्वाज ने करीब 45 विद्यार्थियों को सरल और रोचक उदाहरणों के माध्यम से इन धातुओं के स्रोतों और प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने छात्रों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने और प्रदूषण जैसी समस्याओं का समाधान खोजने के लिए नवाचार की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. योगेश कुमार और डॉ. अनिल ठाकुर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रमेश कुमार ने मुख्य वक्ता और छात्रों का धन्यवाद किया और क्लब के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की।